भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 314

जिसका उत्तर 3 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।

14 माघ, 1942 (शक)

प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेन्टिव योजना

314. **श्री गजानन कीर्तिकर** :
श्री सी.एन. अन्नादुरई :
श्री गौतम सिगामणि पोन :
श्री हँसमुखभाई सोमभाई पटेल :
श्री धनुष एम. कुमार :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में लैपटॉप, टैबलेट और सर्वर के विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेन्टिव योजना (पीएलआई) योजना शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त मदों के विनिर्माताओं से उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए संपर्क किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और प्रतिक्रिया क्या है;

(ग) क्या सरकार ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्य में अगले पांच वर्षों में लैपटॉप सहित हार्डवेयर उपकरणों के विनिर्माण का कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार ने लक्ष्य को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए हैं;

(घ) क्या यह योजना कंपनियों द्वारा अधिक निवेश और मात्रा की बड़ी प्रतिबद्धता लाने में सक्षम होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या मोबाइल विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए पूर्व में घोषित मेगा प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेन्टिव योजनाएं सफल रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार को अगले पांच वर्षों के लिए पीएलआई योजना के तहत विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों से कोई प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है और यदि हां, तो 2018-19 की तुलना में हमारे देश में इसके द्वारा लाये जाने वाले मूल्यवर्धन के प्रतिशत सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क), **(ख)**, **(ग)** और **(घ)** : भारत के विनिर्माण क्षमताओं और निर्यातों को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक/प्राद्योगिकी उत्पादोंसहित 10 प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को शुरू करने के लिए केंद्रीय मंत्री मंडल ने दिनांक 11.11.2020 को अपनी मंजूरी दी।

देश में लैपटॉप, टैबलेट और सर्वरों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू करने के लिए प्रस्ताव, उचित पर्णधारक परामर्श के पश्चात, सरकार के विचाराधीन है।

(ड.) और (च) : 1 अप्रैल, 2020 को राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी नीति 2020 (एनपीई 2019) के तहत बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के लिए उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को अधिसूचित किया गया है। असेम्बली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) यूनिटों सहित मोबाईल फोन विनिर्माण और विनिर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिकी संघटकों के विनिर्माण में शामिल वृद्धिशील विक्रय (आधार वर्ष के दौरान) पर पात्र कंपनियों के लिए यह योजना 4% से 6 % तक की प्रोत्साहन अवश्य देगी।

यह योजना 31.07.2020 तक आवेदन प्राप्त करने के लिए खुली थी। पीएलआई योजना को विश्व भर से प्रकट रूचि की दृष्टि से बहुत बड़ी सफलता मिली है। कुल 16 अनुप्रयोगों को मंजूरी मिली है जो निम्नानुसार है: मोबाईल फोन (कैटेगरी-इन्वायस वैल्यू 15,000 रू. और इससे अधिक): 5; मोबाईल फोन (कैटेगरी: घरेलू कंपनियां): 5; विनिर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक संघटक: 6

अगले पांच वर्ष में इस योजना से लगभग 10.5 लाख करोड़ रू. (यूएसडी 140 बिलियन) का कुल उत्पादन होने की उम्मीद है। इस योजना से 11000 करोड़ रू. (यूएसडी 1.5 बिलियन) तक इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण में अतिरिक्त निवेश लाने के लिए भी उम्मीद है। घरेलू मूल्य वृद्धि मोबाईल फोन के लिए 35 से 40 % और इलेक्ट्रॉनिकी संघटकों के लिए 45 से 50 % तक बढ़ने की उम्मीद है।

****